भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3792
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

छत्तीसगढ़ में पर्यटन स्थलों का विकास

3792. श्री बृजमोहन अग्रवाल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे चित्रकूट जलप्रपात, सिरपुर, बस्तर, मैत्र्य संस्कृति केन्द्र आदि को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कोई कार्ययोजना बना रही है;

(ख) क्या सरकार का धार्मिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पैकेज जारी करने का विचार है;

(ग) क्या सरकार राज्य के पर्यटन स्थलों पर सड़क, परिवहन, होटल और सुरक्षा सुविधाओं जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कोई ठोस योजना लागू कर रही है;

(घ) क्या सरकार छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और पुनर्निर्माण के लिए विशेष अनुदान दे रही है;

(ङ) क्या सरकार का छत्तीसगढ़ में पर्यटन से जुड़े स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और गाइडों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता योजना शुरू करने का विचार है; और

(च) क्या सरकार विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोई विशेष प्रचार अभियान चला रही है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने के लिए योजना तैयार करने सहित पर्यटन का विकास संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी योजनाओं के तहत पर्यटन से संबंधित परियोजनाओं को शुरू करने के लिए राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ऐसी सहायता संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर और योजना के दिशा-निर्देशों, सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों, बजट की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अनुपालन की शर्त पर प्रदान की जाती है।

वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत के बाद से मंत्रालय ने विभिन्न विषयगत परिपथों के अंतर्गत 5287.90 करोड़ रुपये की लागत की कुल 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में 1 परियोजना भी शामिल है।

'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजना के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ राज्य में 1 परियोजना सहित देश में 1620.21 करोड़ रुपये की लागत से 48 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ राज्य में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक अपनी योजना के तहत 2 परियोजनाओं सहित 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की लागत से 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

स्वदेश दर्शन, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ में पर्यटन से संबंधित स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और गाइडों के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता योजना नहीं है। हालांकि, मंत्रालय अपने "हुनर से रोजगार तक" कार्यक्रम के तहत सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना के तहत देश भर में विभिन्न राज्य सरकारों और सूचीबद्ध निजी संस्थानों आदि को व्यावसायिक व्यापार या शिल्प सहित पर्यटन और आतिथ्य से संबंधित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय अतुल्य भारत पर्यटक सुविधा प्रदाता (आईआईटीएफ) प्रमाणन कार्यक्रम भी चला रहा है - यह एक डिजिटल पहल है जिसका उद्देश्य देश भर में सुप्रशिक्षित और पेशेवर पर्यटक सुविधा प्रदाताओं/गाइडों का एक समूह बनाने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन शिक्षण मंच बनाना है, जिसमें देश के अल्पज्ञात पर्यटन स्थल भी शामिल हैं। यह अतुल्य भारत पर्यटक सुविधा प्रदाता (आईआईटीएफ) प्रमाणन कार्यक्रम उम्मीदवारों के लिए बेसिक, एडवांस-आईआईटीजी (विरासत और साहसिक), बोली जाने वाली विदेशी भाषा और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

मंत्रालय भारत को एक गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों और विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण और संभावित पर्यटक सृजक बाजारों में विभिन्न प्रचार गतिविधियां चलाता है।

*****

अनुबंध

श्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ में पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3792 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

छत्तीसगढ़ राज्य में स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, प्रशाद और एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है

स्वदेश दर्शन योजना		
परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
जनजातीय परिपथ 2015-16	जशपुर - कुनकुरी - मैनपट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुर्दर - सरोधादादर - गंगरैल - कोंडागांव - नथियानवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास	96.10
प्रशाद		
2020-21	मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास	44.84
एसएएससीआई		
2024-25	रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास	95.79
2024-25	रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास	51.87

*****